हनुमान सिद्धि

कलयुग में मनुष्यों के द्वारा जाने-अनजाने कोई न कोई पाप कर्म हो ही जाया करता है, ऐसे ही कुछ पाप पूर्व जन्मों में भी हुए होंगे जिनके कारण इस जीवन में दुःख और शारीरिक कष्टों का सामना करना पड़ता है। इस जीवन को सुखी बनाने और पारलौकिक व आगामी जीवन के कष्टों का निवारण करने के लिए 'यशपाल भारती जी' ने हनुमान सिद्धि की रचना की है।

सृष्टि के निर्माणकर्त्ता ने स्पष्ट घोषणा की है कि हनुमान जी को विधि विधान से नित्य जपने से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है।

मङ्गलाचरण

अहं भजामि मनोजवं मारुत तुल्य वेगम् ॥
सर्वार्थ सिद्धि सदनं श्री राम दूतं शिरसा नमामि ॥ १ ॥
वायु पुत्राय वीराय दीर्घ लाङ्गूल धारिणे ॥
यशो देहि जय देहि च देहि रक्षां मर्कट रूपिणे ॥ २ ॥
उल्लङ्घ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, सीता शोक विनाशाय ॥
कल्याण कुरु में प्रभु, हे हनुमद रामदूताय ॥ ३ ॥
यशपाल कृतं मङ्गलाचरण हनुमान प्रसन्नता दायकम् ॥
नमो नमः भीम रूपाय, हनुमद सिद्धि प्रदायकम ॥ ४ ॥

—आद्यानन्द यशपाल 'भारती'

हनुमान सिद्धि

हनुमानजी के सिद्ध पाठ विधि-विधान
और सरल हिन्दी अनुवाद सहित

सम्पादक एवं टीकाकार
आद्यानन्द यशपाल 'भारती'
संस्थापक एवं प्रबन्ध-निर्देशक
तंज्योति गुह्य विद्या साधन एवं अनुसंधान केन्द्र
हरिद्वार (उ०प्र०)

मूल्य : 20.00 रुपए

प्रकाशन
रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार-249401

प्रकाशन :

रणधीर प्रकाशन

रेलवे रोड, (आरती होटल के पीछे)

हरिद्वार-249401

फोन : (0133) 426297

वितरक :

रणधीर बुक सेल्स (शो रूम)

रेलवे रोड, समीप मुख्य डाकघर, हरिद्वार

संपादक एवं टीकाकार :

योगीराज यशपाल 'भारती'

द्वितीय संस्करण 1998

HANUMAN SIDDHI

By : Adyanand Yashpal 'Bharti'

Published by : RANDHIR PRAKASHAN

Railway Road, Hardwar-249401

विषयानुक्रमणिका

❑❑❑

ज्योतिष एवं तन्त्र सम्राट
श्री आद्यानन्द यशपाल 'भारती' रचित
विविध महत्वपूर्ण ग्रन्थ

१. सृष्टि का रहस्य दस महाविद्या
२. शिव शक्ति
३. अंक ज्योतिष
४. संकट मोचिनी कालिका सिद्धि
५. संजीवनी विद्या महामृत्युञ्जय प्रयोग
६. दुर्गा उपासना पद्धति
७. त्रयोदश कवच संग्रह (अनुवाद सहित)
८. सिद्ध विद्या स्वरोदय विज्ञान
९. तन्त्र प्रयोग
१०. सिद्ध शाबर मन्त्र
११. यन्त्र माला
१२. मन्त्र रामायण
१३. स्वप्न सिद्धान्त
१४. यन्त्र विधान (ग्रन्थ)

मूल्य व अन्य जानकारी के लिए लिखें—

प्रकाशक
रणधीर प्रकाशन, हरिद्वार

भूमिका

आज पूजा उपासना का अर्थ केवल कामना पूर्ति ही रह गया है जो कि एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है । शास्त्रों में बारम्बार स्पष्ट किया गया है कि निस्वार्थ पूजा ही फलदायी होती है । गीता के द्वारा श्री कृष्ण ने सन्देश दिया है कि पूजा व्यर्थ नहीं जाया करती है परन्तु कामना का फल देकर पूजा लुप्त व उसकी शक्ति लुप्त हो जाया करती है। इस पर भी संतप्त हृदय और एक छू मन्तर की खोज प्रत्येक व्यक्ति को पूजा के प्रति आकर्षित करती रहती है ।

प्रत्येक व्यक्ति का अपना-अपना पाप हुआ करता है । इसी प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के आकर्षण का आधार भिन्न-भिन्न हुआ करता है । प्राय: मुझे लोग कहते हैं कि हम दूसरों का कल्याण करना चाहते हैं । यह सुनकर मैं बड़ा असमंजस में पडता हूँ कि जो व्यक्ति यह कह रहा है उसे ही सबसे अधिक कल्याण की आवश्यकता हुआ करती है । विड़म्बना की बात है कि साधक प्रचलित मान्यताओं के आधार पर अपने कल्पना लोक का निर्माण करता है पर सब कल्पना के उपाय से साक्षात् होता है, सम्भवत: उसे मेरी निम्नलिखित पंक्तियाँ समझ में आ जायें कि—

किस्मत का खेल लकीरें हैं ।
जीवन तो बस तदबीरें हैं ।।
यशपाल ने तो यह जाना है ।
हम चलती हुई तस्वीरें हैं ।।

पराविज्ञान में व्यक्त किये गये षडकर्म आज अनोखे मोड़ पर खड़े हैं । लोगों ने जिस प्रकार ज्योतिष को उपहास का विषय बना दिया है उसी प्रकार अब पराविज्ञान एक घिनौनी साजिश का शिकार हो रहा है । केवल कुछ ऐसे लोगों के कारण जो कुछ भी नहीं है, परन्तु कुछ होने की चादर ओढ़े हुए हैं ।

आदि से ही शिकार होता था।
मरता था वही जो पास होता था॥

गलत है पर जो गलत है स्वीकार नहीं करता कि वह गलत है। गलत जब सत्ताधिकारी बन जाता है तब गलत कितना भी गलत क्यों न हो ठीक ही कहलाता है।

पैजामा तंग हो तो नेता कहलाता है।
फट जाये वह तो अभिनेता कहलाता है॥
कोयले ने घिसकर यह प्रमाणिक किया।
सच कैसा भी हो वह छुप ही जाता है॥

रामायण, महाभारतादि धार्मिक ग्रन्थों का अनुशीलन करने पर सबसे पहले जो चरित्र स्पष्ट होता है वह नारद का होता है। प्रत्येक युग में नारद प्रत्येक स्थल पर नहीं आता पर नारद का व्यवहार एवं स्वभाव लेकर अनेकों प्राणी आज जीवन यापन कर रहे हैं। वे जिसकी थाली से खाते हैं उसे ही शूली पर चढ़वा देते हैं। महाभारत से यदि मामा शकुनि को हटा दिया जाये तो महाभीषण संग्राम की कल्पना कितनी रह जाती है यह सोचना आज आवश्यक हो उठा क्योंकि जब ऐसा हो रहा था तब भी हमारे धर्म-कर्म का पराविज्ञान था और आज भी है परन्तु किसी भी मन्त्र के द्वारा वह भीषण संग्राम रोका नहीं जा सका था। सच में एक शायर ने ठीक ही कहा था—

तूँ लाख पढ़ता रहे प्यार के मन्तर ऐ साजिद।
जिनकी फितरत में हो डसना वह डस ही जाते हैं॥

जिस तरफ द्वेषाग्नि जल रही होती है उस तरफ भविष्य भी जल रहा होता है जबकि समझदार लोग पाण्डवों की तरह सह जाते हैं। प्रभु भक्ति करते हुए, उसकी इच्छा को स्वीकार करते हुए महाभीषण संग्राम से जीवित

निकल जाते हैं जबकि विद्वेषी कोई भी शेष नहीं रह पाता है। इसीलिये कहता हूँ कि प्रभु की इच्छा स्वीकार करनी चाहिये और भक्ति निष्काम करनी चाहिए। वैदिक वर्णाश्रमानुसार सनातन धर्म के तैंतीस करोड़ देवता हैं। यह जो स्वीकार किया गया है उसमें छोटे-बड़े सभी देवता आ जाते हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेश के अतिरिक्त जो अनेकों अवतार हैं, वस्तुतः वह भी देवता ही हैं। ब्रह्मा, विष्णु, महेशादि बड़े देवताओं की उपासना से फल मिलता ही है। आजकल भैरव, यक्ष, गन्धर्व, मातृका, चामुण्डा, एकादश रुद्र, द्वादश आदित्य, अष्ट वसु गण, विश्वेदेव गण, नवग्रह, नक्षत्र स्वामी, लोकपाल, क्षेत्रपालादि की भी उपासना से शीघ्र लाभ प्राप्त किये जा रहे हैं।

आजकल कलयुग का बोलबाला है। कल कहते हैं मशीनरी को अतः समझा जा सकता है आजकल मशीनरी का युग चल रहा है। स्थिति यह आ गई है कि मनुष्य के दिमाग का कार्य भी मशीनरी करने वाली है। इसे मैकेनिकल टाईम भी कहा जा सकता है। ऐसे में प्राणी भी मैकेनिकल हो गये हैं और उनकी सूझबूझ भी यान्त्रिक हो गई है। जबकि शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत अधिक हो चुका है। ऐसे में पाखण्ड भी अत्यधिक बढ़ गया है।

प्रायः मनों में अशान्ति कामादि विचार भरे पड़े हैं। ऐसे में संकल्प त्याग की आवश्यकता है और विश्वास परमावश्यक है कि उसके द्वारा की जा रही पूजा निश्चित फलदायी होगी। सचमुच मिट्टी में पड़ा हुआ बीज अकस्मात अंकुरित हो उठता है।

हनुमान जी के सिद्ध पाठ आपके समक्ष प्रस्तुत हैं और आज के युग में इसी उपासना की अत्यधिक आवश्यकता है क्योंकि क्लेश व द्वेष इतना अत्यधिक बढ़ गया है कि गन्दे कृत्य अधिक किये जा रहे हैं। ऐसे में ऐसा ईष्ट या संरक्षक चाहिये जो कि समस्त कृत्यों को डकार जाये और यह शक्ति हनुमान जी के पास कितनी है यह अग्रलिखित पंक्ति से ज्ञात होता है—

सप्तकोटि महामन्त्र मन्त्रितावयवः प्रभुः ॥

सात करोड़ महामन्त्रों से शक्तिकृत हुई देह वाले हनुमान हैं। यह ब्रह्माण्ड पुराण कहता है। जिन्हें भगवान राम से प्रेम हो वह भी इनकी उपासना से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। भूत प्रेतादि तो इनके नाम से ही भागते हैं। शत्रुओं को तत्काल प्रभु नुकसान पहुँचाते हैं।

इस समय बस करता हूँ क्योंकि बातें बहुत हैं जो कि करनी है पर पुस्तक का कलेवर बढ़ जाने का भय है अतः आज्ञा दें—नमस्कार !

सौर चैत्र मासे, विक्रमी सम्वत् २०४६ आपका

सम्पर्क :
आद्यानन्द यशपाल 'भारती'
पोस्ट बाक्स नं. १६
हरिद्वार-२४९४०१

❑❑❑

वायु-पुत्र, मारुति-नन्दन, अञ्जनी-पुत्र
श्री हनुमान जी के
विविध पाठों के प्रयोग व लाभ

✹ एकमुखी हनुमत्कवचम् ✹

यह कवच भोजपत्र के ऊपर, ताड़पत्र पर या लाल रंग के रेशमी वस्त्र पर त्रिगन्ध की स्याही से लिखकर कण्ठ या भुजा पर धारण करना चाहिये। इसे त्रिलोह के ताबीज में भर कर धारण करना लाभकारी रहता है। त्रिलोह के विषय पर विशेष जानकारी मेरी पुस्तक दत्तात्रेय तन्त्र से प्राप्त की जा सकती है।

यह कवच प्रभु श्री रामचन्द्र के द्वारा 'ब्रह्माण्ड पुराण' में व्यक्त हुआ है। उनका वचन है कि यह कवच धारक की समस्त कामनायें पूर्ण करता है।

रविवार वाले दिन पीपल वृक्ष के नीचे बैठ कर इसका पाठ करने से धन की वृद्धि व शत्रुओं की हानि हुआ करती है।

इस कवच को लिख कर फ्रेम करवा कर पूजन स्थल पर रखने से इसकी पंचोपचार से पूजा करने पर शत्रु ह्रास को प्राप्त होते हैं। साधक का मनोबल बढ़ता है। रात्रि के समय दस बार इसका पाठ करने से मान-सम्मान व उन्नति प्राप्त होती है।

अर्द्धरात्रि के समय जल में खड़े होकर सात बार पाठ करने से क्षय, अपस्मारादि का शमन होता है।

इस पाठ को तीनों संध्याओं के समय प्रतिदिन जपते हुए तीन मास व्यतीत करता है उसकी इच्छामात्र से शत्रुओं का हनन होता है। लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसके साधक के पास भूत-प्रेत नहीं आ पाते हैं।

✹ पञ्चमुखी हनुमत्कवचम् ✹

यह अत्यधिक तीव्र व शीघ्र प्रभावी कवच है जो दुर्लभ ग्रन्थ 'सुदर्शन संहिता' से लिया गया है। यह संहिता ग्रन्थ हनुमान जी साधकों के लिये एक कल्पवृक्ष के समान है। जिस प्रकार महामाया आद्य भवानी कालिका जी का पूर्ण संहिता ग्रन्थ 'महाकाल संहिता' है उसी प्रकार से यह ग्रन्थ भी हनुमत् उपासना का पूर्ण संहिता ग्रन्थ है पर दुर्भाग्य कि दोनों महाग्रन्थ आज दुर्लभ हो चुके हैं।

इस कवच का एक पाठ करने से शत्रुओं का नाश होता है। दो पाठ करने से कुटुम्ब की वृद्धि होती है। तीन पाठ करने से धन लाभ होता है। चार पाठ करने से रोगों का शमन होता है। पाँच पाठ करने से वशीकरण होता है। छह पाठ करने से महामोहन होता है। सात पाठ करने से सौभाग्य उदय होता है। आठ पाठ करने से अभिलाषा पूर्ण होती है। नव पाठ करने से राज्य सुखोपभोग होता है। दस पाठ करने से ज्ञान दृष्टि बढ़ती है। ग्यारह पाठ करने से क्या है जो नहीं होता है।

✹ सप्तमुखी हनुमत्कवचम् ✹

यह पाठ अथर्वण रहस्योक्त है जिसका तीनों समय पाठ करने से परिवार में सुख व समृद्धि होती है। असाध्य रोग नष्ट होते हैं। मान-सम्मान व कीर्ति लाभ होता है व शत्रुओं का हनन होता है। यह पाठ अत्यन्त गुप्त है अत: इसका प्रयोग भी गोपनीयता के साथ करना चाहिये। यूँ भी परम्परा है कि गुप्त साधन गोपनीय रखे जाने चाहिये। मान्यता है कि भोजन, मैथुन व साधन एकान्त में ही करना चाहिये।

✹ एकादशमुखी हनुमत्कवचम् ✹

महात्मा अगस्त जी अर्द्धांगिनी श्रीमती लोपामुद्रा ने उनसे एक

अभिलाषा कही थी जिसके उत्तर में उन्होंने सृष्टि विधायक श्री ब्रह्मा जी के द्वारा कथित यह कवच बताया था। उनके अनुसार वाद-विवाद, भयानक कष्ट, ग्रह भय, जल, सर्प, दुर्भिक्ष, भयंकर राज्य शस्त्र भय से भय नहीं रहता है और तीनों संध्याओं में इसका पाठ करने से निःसन्देह अभीष्ट लाभ होता है। इस कवच को विभिषण ने छन्दोबद्ध किया था व श्री गरुड़ जी ने लेखन करवाया था। मान्यता है कि *'ये पठियन्ति भक्तया च सिद्धयस्तत्करे स्थिता:'* अर्थात् जो इसका पाठ करेगा उसके हाथ में सिद्धियाँ निवास करेंगी। इस आधार पर यह भी कहा जा सकता है कि सिद्धियाँ प्राप्त करने वाले साधक को यह पाठ अवश्य करना चाहिये।

✸ लांगूलास्त्र शत्रुञ्जय हनुमत्स्तोत्रम् ✸

यह स्त्रोत शत्रु नाशक है। जब अनेक शत्रु जीवन को दुःख पहुँचाने लग जायें या कोई शक्तिशाली व्यक्ति शत्रु बन जाये तब दास्य तथा विनीति भाव से *'ममारातीन निपातय'* का पाठ करना चाहिये। इसके साथ ही माला मन्त्र अर्थात् मन्त्रात्मक एक पाठ है जिसे सावधानी से करना होता है। यह पूरा का पूरा पाठ अति विलक्षण है। इसके प्रभाव से शत्रु को कष्ट होने लग जाता है और प्रत्यक्ष से छुपे शत्रु पीड़ित होते हैं। परन्तु स्मरण यह रखना होता है कि पाठ के मध्य में *अरे मल्ल चटख* या *तोड़रमल्ल चटख* का उच्चारण करके कपि मुद्रा का प्रदर्शन करना होता है। इसके प्रभाव अत्यन्त गम्भीर होते हैं।

✸ हनुमत्सहस्त्रनाम स्त्रोत्रम् ✸

यह पाठ 'ब्रह्माण्ड पुराण' के उत्तर खण्ड में श्री भगवान रामचन्द्र जी के द्वारा कहा गया है। इसी पाठ में भक्ति मुक्ति प्रदायक, महाकष्ट, महाशोक, महारोग, महाअरिष्ट विनाशक एक मन्त्र भी व्यक्त हुआ है। पाठ में इसकी एक माला जपना श्रेयस्कारी रहता है।

अनेक ऋषियों के द्वारा पूछे जाने पर महर्षि बाल्मीकि जी ने यह आधि व्याधि एवं समस्त कष्टों का नाशक सहस्त्रनाम स्त्रोत कहा था। इसका डेढ़ मास तक पाठ करने से लोग कहा मानने लगते हैं अर्थात् वशीकरण होता है। पीपल के नीचे इसका पाठ करने से शत्रुओं को कष्ट होता है। स्वीकार किया गया है कि जो व्यक्ति प्रतिदिन इस पाठ को करता है उसके कष्टों का अन्त हो जाता है।

ब्रह्म मुहूर्त में प्रतिदिवस इसका पाठ करने से इहलोक व परलोक के सुख प्राप्त होते हैं। स्तोत्र का ऋषि का कथन है कि इसके लाभों के प्रति *नाऽत्र संशयः* अर्थात् सन्देह नहीं करना चाहिये।

✷ हनुमान चालीसा ✷

यह हनुमान चालीस भक्त शिरोमणि श्री गोस्वामी तुलसीदास जी के द्वारा रचित है जिसका पाठ प्रायः लोग प्रतिदिन करते ही रहते हैं। इसका ५१ बार या १०१ बार जप करना शत्रु व भूत-प्रेत निवारक है। इसे प्रतिदिन चालीस बार पढ़ना चाहिये व नित्य पढ़ते हुए चालीस रोज पूर्ण करने चाहिये। इस प्रकार से यह पाठ सिद्ध होता है। पीपल के नीचे बैठ कर जपने से शनि प्रकोप शान्त होता है। शमी वृक्ष के नीचे पाठ करने से भी शनि अनिष्ट शान्त होता है।

✷ संकट मोचन ✷

यह पाठ हनुमान चालीसा की भाँति ही सरल भाषा में है और इसका अनुष्ठान संकटों का शमन करता है। इसे प्रति संध्या में २१ बार पढ़ते हैं और २१ दिन तक करते हैं। ४० रोज करना विशेष लाभकारी रहता है।

✷ बजरंग बाण ✷

हमारी गुप्त विद्याओं में मूठ व बाण आदि चलाये जाते हैं।

कभी-कभी डिब्बी भी मारी जाती है। इसी प्रकार से प्रस्तुत पाठ के विचित्र प्रयोग किये जाते हैं। हनुमान जी के साधकों के पास यह पाठ एक शस्त्र के रूप से रहता है। इसे प्रतिदिन एक सौ आठ बार जपते हैं। यह क्रिया निरन्तर चालीस दिन तक की जाती है। इसके बाद इसे लिख कर ताबीज की तरह धारण कर लेते हैं। यह पाठ के प्रसाद से भूत-प्रेत व शत्रुओं का बुरा हाल हुआ करता है।

✸ हनुमान साठिका ✸

यह पाठ सरल भाषा में तुलसीदास जी के द्वारा व्यक्त हुआ है। यह पाठ भव बन्धन का भंजन करता है, साधक का कल्याण करता है। इसे प्रतिदिन पढ़ना चाहिये। इसका साठ बार प्रतिदिन पाठ करने से साठ दिनों में इसकी सिद्धि होती है।

✸ हनुमद् बीसा ✸

यह पाठ हनुमान जी की कृपा का प्रसाद है जो कि आद्यानन्द यशपाल 'भारती' के द्वारा रचित व उपलब्ध हुआ है। यह पाठ शत्रु को तत्काल अशुभता प्रदान करता है। इसे प्रतिदिन १०८ बार इक्कीस दिन तक जपने से विशेष लाभ प्राप्त होते हैं। इस पाठ के अन्य प्रयोग व ज्ञान मेरी पुस्तक 'तन्त्र प्रयोग' से प्राप्त किये जा सकते हैं।

✸ हनुमान स्तोत्र ✸

यह स्तोत्र पाठ विभीषण जी ने कहा था और श्री गरुड़ जी ने इसका अनुष्ठान्न करके प्रमाणित किया था। यह स्तोत्र 'सुदर्शन संहिता' में दिया हुआ है। इसके प्रभाव से श्री हनुमान जी साधक का कल्याण करते हैं व उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

रामदूत हनुमान

वायुपुत्र श्री हनुमान जी के जीवन प्रसङ्ग में श्री रामचन्द्र जी का महत्वपूर्ण ईष्ट वाला स्थान है और वह स्वयं रामदूत कहलाकर प्रसन्न मना रहते हैं। हनुमान जी साक्षात् रुद्रावतार हैं जबकि भगवान श्री राम विष्णु अवतार हैं।

भगवान विष्णु ने जब अयोध्यापति श्री दशरथ जी के यहाँ जन्म लिया तब उनका नाम 'श्री रामचन्द्र' रखा गया जिन्होंने सृष्टि में विभिन्न लीला कर्म प्रस्तुत करके 'मर्यादा पुरुषोत्तम' की विशेषता को प्रमाणित किया था।

आध्यात्म पथ के पथिकों ने 'राम' शब्द की व्याख्या करते हुए स्पष्ट कहा है कि जो राजा के स्वरूप से शोभायमान है और जो पृथ्वी पर स्थिर होकर साधु-सन्त जनों की समस्त कामनाएं पूर्ण करते हैं वे 'श्री राम' हैं जो कि विष्णु के अवतार हैं। इनके द्वारा राक्षसों का अन्त होता है। कुछ विशारदों ने 'अभिराम' होने के कारण 'राम' स्वीकार किया है और कुछ की समझ से जो अपनी लीलाओं के कारण जगत में प्रसिद्ध हुए वह 'श्री राम' हैं। जिस प्रकार राहु चन्द्र को ग्रस लेता है उसी प्रकार श्री राम राक्षसों का आभाहीन, प्रभाहीन कर देते हैं।

श्री राम को साक्षात् परमेश्वर स्वीकार किया गया है जबकि परमात्मा रूप, बाह्य देह रहित, अवयव रहित, अद्वितीय और प्रकृत है परन्तु गीता के द्वारा श्री कृष्ण प्रबल उद्घोष करते हैं कि जब-जब धर्म को हानि, क्लेश पहुँचने लगता है तब-तब मैं अवतार लेता हूँ और यह रहस्य अनेक जीवन चरित्रों में प्रमाणित होता है कि भगवान भक्त और भक्ति के रक्षार्थ शरीर रूपी आकार ग्रहण करते हैं।

श्री भगवान के साकार विभिन्न अवतारों में दो भुजा, चार भुजा, छः भुजा, आठ भुजा, बारह भुजा, सोलह भुजा, अट्ठारह भुजा तक के वर्णन हैं।

आगे चल कर एक सौ आठ से हजार भुजा तक के आकार प्रकट हुए हैं। इन भुजाओं के हाथों में विभिन्न अस्त्र-शस्त्र या विशेषता समायी रहती है। इन सभी रूपों के अलग-अलग रंग, अलग-अलग वाहन हैं।

आकार होने के कारण दिखने वाले परम प्रभु परमेश्वर स्वयंम्भू कहलाते हैं।

स्वयंभूर्ज्योतिर्मियोऽन्त रूपं स्वेव भासते॥

क्योंकि उनके प्रकट या साक्षात् होने में कोई कारण रूप नहीं होता है। वह तो स्वयं प्रकट होते हैं।

परमात्मा तो ज्योति स्वरूप हैं।

सृष्टि में पाये जाने वाले सभी धर्म अपने स्वामी की विभिन्न कल्पना करते हैं परन्तु उनके अपने अलग नियमानुसार बनाये गये धार्मिक स्थल पर ज्योति अवश्य प्रज्वलित रहती है।

अवतार भेद से साकार स्वरूपी होने पर भी परमेश्वर अनन्त है और एक वही इस अनन्त विराट के स्वामी हैं। वह अपनी चैतन्य शक्ति प्राण रूप से समस्त प्राणियों की देहों में सर्वदा स्थित रहते हैं। इसी कारण वेदान्त में 'अहं ब्रह्मास्मि', 'शिवोहम' व 'हरि ॐ तत्सत्त' स्वीकार किये गये हैं।

यह प्रभु सत्व, रज, तम गुणों के समावेश से विश्व का निर्माण, जीवन व संहार करते रहते हैं।

'राम' के द्वारा आत्मा का प्रतिपादन होता है और 'नमः' जीव वाचक है जबकि ब्रह्मा, विष्णु, शिवादि की उत्पत्ति, पालन व संहार करने वाली शक्तियाँ नाद बिन्दु एवं बीज से उत्पन्न रोद्री, ज्येष्ठा और वामा रकार पर आश्रित हैं। यह दकार सीता स्वरूप से प्रकृति और राम रूप से पुरुष होने के कारण सर्वदा वन्दनीय व पूजनीय है। प्रकृति पृथ्वी रूपा होती है जबकि आकाश पुरुष रूपा है जिस प्रकार से विशाल अश्वत्थ का वृक्ष अपने बीज में

समाया रहता है उसी प्रकार से यह विशाल सृष्टि रकार में समायी हुई है।

सम्पूर्ण विश्व प्रपंच के स्वामी भगवान विष्णु हैं। उनकी योगमाया का रूप ईकार है।

विष्णुः प्रपञ्च बीजं च माया ईकार उच्यते॥

यह ईकार वाली अव्यक्त महामाया अपने अमृतमय अवयवों और दिव्याभूषणों से विभूषित स्वरप से साक्षात् होती हैं। वह त्र्य रूपा अपने प्रथम रूप में शब्द ब्रह्म से युक्त हैं।

ईकार रूपिणी सोभाऽमृतवायव देव्यलङ्कारस्त्रङ मौक्तिकाद्यामरणालंकृता महामायाऽव्यक्त रूपिणी व्यक्ता भवति॥

वह प्रसन्न होकर मस्तिष्क के द्वारा बोध प्रदान करती हैं एवं अपने द्वितीय स्वरूप से जब वह इस भूतल पर प्रकट होती हैं तब राजा जनक के हल के अग्रभाग से पृथ्वी के द्वारा साक्षात् होती हैं जबकि तृतीय रूप अव्यक्त है, जो कि ईकार है।

इन सीता जी को हनुमान जी मातृ शक्ति के स्वरूप से स्वीकार करते हैं। यह अतुलित बल के स्वामी वायुदेव की कृपा से चैत्र शुल्का पूर्णमासी के शुभावसर पर जन्मे थे या अवतरित हुए थे। वानरों के राजा श्री केसरी इनके पिता थे। इसी कारण इन्हें केसरी नन्दन कहा जाता है। इनकी माता श्री का नाम अंजनी था। इसी कारण इन्हें आंजनेय भी कहा जाता है। इनके सृष्टि में जन्म के समय अनेकों देवी-देवता आये थे और इन्हें अनेक प्रकार के वरदान प्रदान कर गये थे।

श्री रामचन्द्र जी के अनन्य भक्त के रूप से इनका नाम विशेष उल्लेखनीय है। आप समस्त अभीष्ट कामनाओं को पूर्ण करने वाले परम

शक्तिशाली देवता हैं।

हनुमान देवता प्रोक्तः सर्वाभीष्ट फल प्रदः ।।

इनके मन्त्र भोग मोक्ष प्रदान करते हैं व महारिष्ट, महापाप, महादुःखादि का निवारण करते हैं।

मन्त्रं हनुमतो विद्धि मुक्ति मुक्ति प्रदायकम् ।
महारिष्ट महापाप महादुः ख निवारणम् ।।

हनुमान जी की शक्ति उपमा रहित है क्योंकि यह अनुपम है। जो रावण कैलाश को उठा लेता है उसे ही एक मुक्का मार कर आप मूर्च्छित कर देते हैं। लक्ष्मण शक्ति होने पर संजीवनी लेने जाते हैं तो संजीवनी वाले द्रोणगिरी को ही उठा लाते हैं। महाभारत के भीषण संग्राम में अर्जुन के रथ पर विराजमान होकर पाण्डुओं का उद्धार करते हैं। लंका को जला देना, महासिन्धु को फलांग जाना यह ऐसी लीलाएं हैं जो कि यथार्थ में उन्हें अतुलित बल धाम वाले, ज्ञानियों में अग्रगण्य, सम्पूर्ण गुण रत्नाकर प्रमाणित करते हैं। आपके विशेष द्वादश नाम जपने मात्र से सर्व भय समाप्त होते हैं।

हनुमानञ्जीनीसुनुर्वायुपुत्रो महाबलः ।
रामेष्टः फाल्गुनसखः पिङ्गाक्षोऽमितविक्रमः ।।

उदधिक्रमणश्चैव सीताशोकविनाशनः ।
लक्ष्मणप्राणदाताश्च दशग्रीवस्य दर्पहा ।।

❑ ❑ ❑

◆ प्रथम पाठ ◆

एकमुखी हनुमान कवचम्

॥ रामदास उवाच ॥

एकदा सुखमासीनं शंकरं लोकशंकरम्,
प्रपच्छ गिरिजा कान्तं कर्पूरधवलं शिवं ।१।

रामदास ने कहा—एक बार कर्पूर के समान अत्यन्त शुभ्र वर्णमयी लोक कल्याणी सुखासन में बैठे शिवजी से पार्वती जी ने पूछा—

॥ पार्वत्युवाचः ॥

भगवन् देवदेवेश लोकनाथ जगत्प्रभो,
शोकाकुलानां लोकानां केन रक्षा भवेद्धव ।२।
संग्रामे संकटे घोरे भूत प्रेतादि के भये,
दुः ख दावाग्नि संतप्तचेतसाँ दुः खभागिनाम् ।३।

पार्वती जी ने पूछा—हे भगवन ! हे देव देवेश ! हे जगत के प्रभु ! युद्ध के संकट वाले समय, भूत-प्रेत पीड़ित हो जाने पर दु:ख के भरमार हो जाने पर और शोकादि के बढ़ जाने पर सन्तप्त हृदयों की रक्षा किस प्रकार से होगी।

॥ महादेव उवाचः ॥

श्रणु देवि प्रवलक्ष्यामि लोकानाँ हितकाम्यया,
विभीषणाय रामेण प्रेम्णाँ दत्तं च यत्पुरा ।४।

महादेव ने बताया—सुनो देवी ! लोक के कल्याणार्थ भगवान राम ने विभीषण को जो—

कवच कपिनाथस्य वायुपुत्रस्य धीमतः,

गुह्यं तत्ते प्रवक्ष्यामि विशेषाच्छणु सुन्दरी ।५ ।

वायु पुत्र कपिनाथ अर्थात् हनुमान का कवच बताया था वो अत्यन्त गोपनीय है। इस विशेष कवच को हे सुन्दरी श्रवण करो।

॥ विनियोग: ॥

ऊँ अस्य श्री हनुमान कवच स्तोत्र मन्त्रस्य श्री रामचंद्र ऋषिः श्री वीरो हनुमान् परमात्माँ देवता, अनुष्टुप छन्दः, मारुतात्मज इति बीजम्, अंजनीसुनुरीति शक्तिः, लक्ष्मण प्राणदाता इति जीवः, श्रीराम भक्ति रिति कवचम्, लंकाप्रदाहक इति कीलकम् मम सकल कार्य सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।६ ।

॥ मन्त्रः ॥

ऊँ ऐं श्रीं ह्राँ ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः ।७ ।

इस मन्त्र को यथाशक्ति जपें।

॥ करन्यासः ॥

ऊँ ह्राँ अंगुष्ठाभ्याँ नमः ।८ ।

ऊँ ह्रीं तर्जनीभ्याँ नमः ।९ ।

ऊँ ह्रूं मध्यमाभ्याँ नमः ।१० ।

ऊँ ह्रैं अनामिकाभ्याँ नमः ।११ ।

ऊँ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्याँ नमः ।१२ ।

ऊँ ह्रः करतल करपृष्ठाभ्याँ नमः ।१३ ।

॥हृदयादिन्यास ॥

ऊँ अंजनी सूतवे नमः, हृदयाय नमः ।१४ ।

ऊँ रुद्रमूर्तये नमः, शिरसे स्वाहा । १५ ।

ऊँ वातात्मजाय नमः, शिखायं वषट । १६ ।

ऊँ रामभक्तिरताय नमः, कवचाय हुम् । १७ ।

ऊँ वज्र कवचाय नमः, नेत्रत्र्याय वौषट् । १८ ।

ऊँ ब्रह्मास्त्र निवारणाय नमः, अस्त्राय फट् । १९ ।

॥ ध्यान ॥

ऊँ ध्यायेद बालदिवाकर द्युतिनिभं देवारिदर्पापहं,
देवेन्द्र प्रमुख प्रशस्तयशसं देदीप्यमानं रुचा । २० ।
सुग्रीवादि समस्त वानरयुतं सुव्यक्ततत्वप्रियं,
संरक्तारूण लोचनं पवनजं पीताम्बरालंकतम् । २१ ।

उदयकाल के सूर्य के समान कांति वाले, असुरों के गर्व का नाश करने वाले देवतादि प्रमुख उत्तम कीर्तिमयी, पूर्ण तेजस्वी, सुग्रीवादि वानर सहित, ब्रह्मतत्व को प्रत्यक्ष करने वाले, रक्त व अरुण नेत्रमयी, पीताम्बर से अलंकृत हनुमान जी का ध्यान करना चाहिये।

उद्यन्मार्तण्ड कोटि प्रकट रुचि युतं चारुबीरासनस्थं, मौंजी यज्ञोपवीताऽऽभरण रुचि शिखा शोभितं कुण्डलाढयम् । २२ ।

भक्तानामिष्टदम्नप्रणतमुनजनं वेदनादप्रमोदं, ध्यायेद्देवं विधेय प्लवगकुलपतिं गोष्पदीभूतवर्धिम् । २३ ।

उदयकाल के करोड़ों सूर्य समान कांतिमयी, वीरासन में शोभित अत्यन्त रुचि से मौंजी तथा यज्ञोपवीत को धारण करने वाले, कुण्डलों से सुशोभित, भक्तों की वाँछा पूर्ण करने में चतुर, वेदों के शब्द से अपार हर्षित

होने वाले, वानरों के प्रमुख एवं अत्यधिक विस्तृत समुद्र को अचानक लांघ जाने वाले हनुमान जी का ध्यान करना चाहिए।

वज्राँङ्ग पिंगकेशाढ्यं स्वर्णकुण्डल मण्डितम्,
उद्यदक्षिण दोर्दण्डं हनुमन्तं विचिन्तये । २४ ।
स्फटिकाभं स्वर्णकान्ति द्विभुजं च कृताञ्जलिम्,
कुण्डलद्वय संशोभि मुखाम्भोजं हरिं भजे । २५ ।

जिनका शरीर वज्र के समान कठोर है। केश पीले हैं। जिन्होंने स्वर्ण कुण्डल धारण किये हुए हैं। जिनका दाहिना हाथ ऊपर को उठा हुआ है। स्फटिक के समान कांतिमयी, स्वर्ण की भाँति देदीप्यमान, दो भुजामयी, जिन्होंने हाथों की अंजलि बना रखी है। ऐसे हनुमान जी का ध्यान करता हूँ।

॥ हनुमान मन्त्र ॥

निम्नलिखित मन्त्र सावधानी से जपें—

ऊँ नमो भगवते हनुमदाख्य रुद्राय सर्व दुष्ट जन मुख स्तम्भनं कुरु कुरु ऊँ ह्राँ ह्रीं हूँ ठं ठं ठं फट् स्वाहा, ऊँ नमो हनुमते शोभिताननाय यशोऽलंकृताय अंजनी गर्भ सम्भूताय रामलक्ष्मणनंदकाय कपि सैन्य प्राकाशय पर्वतोत्पाटनाय सुग्रीवसाह्य करणाय परोच्चाटनाय कुमार ब्रह्मचर्याय गम्भीर शब्दोदयाय ऊँ ह्राँ ह्रीं ह्रूँ सर्व दुष्ट ग्रह निवारणाय स्वाहा।

ऊँ नमो हनुमते सर्व ग्राहन्भूत भविष्यद्वर्तमान दूरस्थ समीप स्थान् छिंधि छिंधि भिंधि भिंधि सर्व काल दुष्ट बुद्धिमुच्चाटयोच्चाटय परबलान क्षोभय क्षोभय मम सर्व

कार्याणि साधय साधय ऊँ ह्राँ ह्रीं हूँ फट् देहि ऊँ शिव सिद्धि ऊँ ह्राँ ह्रीं हूँ स्वाहा।

ऊँ नमो हनुमते पर कृत यन्त्र मन्त्र पराहङ्कार भूत प्रेत पिशाच पर दृष्टि सर्व तर्जन चेटक विद्या सर्व ग्रह भयं निवारय निवारय, वध वध, पच पच, दल दल, विलय विलय सर्वाणिकुयन्त्राणि कुट्टय कुट्टय, ऊँ ह्राँ ह्रीं हूँ फट् स्वाहा।

ऊँ नमो हनुमते पाहि पाहि ऐहि ऐहि सर्व ग्रह भूतानाँ शाकिनी डाकिनीनां विषमदुष्टानाँ सर्वेषामाकर्षय कर्षय, मर्दय मर्दय, छेदय छेदय, मृत्यून् मारय मारय, शोषय शोषय, प्रज्वल प्रज्वल, भूत मण्डल, पिशाच मण्डल, निरसनाय भूत ज्वर, प्रेत ज्वर, चातुर्थिक ज्वर, विष्णु ज्वर, महेश ज्वरं, छिन्धि छिन्धि, भिंधि भिंधि, अक्षि शूल, पक्ष शूल, शिरोऽभ्यंतर शूल, गुल्म शूल, पित्त शूल, ब्रह्म राक्षस कुल पिशाच कुलच्छेदनं कुरु प्रबल नाग कुल।

विषं निर्विषं कुरु कुरु झटति झटति, ऊँ ह्राँ ह्रीं हूं फट् सर्व ग्रह निवारणाय स्वाहा । ऊँ नमो हनुमते पवन पुत्राय वैश्वानर पाप दृष्टि, चोर, दृष्टि हनुमदाज्ञा स्फुर ऊँ स्वाहा, ऊँ ह्राँ ह्रीं हूँ फट् घे घे स्वाहा।

॥ श्री राम उवाच: ॥

श्री राम ने कहा—

हनुमान पूर्वतः पातु दक्षिणे पवनात्मजः,

पातु प्रतीच्याँ रक्षोघ्नः पातु सागरपारगः ।१ ।
उदीच्यामूर्ध्वगः पातु केसरी प्रिय नन्दनः,
अधस्ताद् विष्णु भक्तस्तु पातु मध्यं च पावनिः ।२ ।
अवान्तर दिशः पातु सीता शोकविनाशकः,
लंकाविदाहकः पातु सर्वापद्भ्यो निरंतरम् ।३ ।

पूर्व में हनुमान, दक्षिण में पवनात्मज, पश्चिम में रक्षोघ्न, उत्तर में सागर पारग, ऊपर से केसरी नन्दन, नीचे से विष्णु भक्त, मध्य में पावनि, अवान्तर दिशाओं सीता शोक विनाशक तथा समस्त मुसीबतों में लंका विदाहक मेरी रक्षा करें।

सुग्रीव सचिवः पातु मस्तकं वायुनन्दनः,
भालं पातु महावीरो भ्रुवोंमध्ये निरन्तरम् ।४ ।
नेत्रेच्छायापहारी च पातु नः प्लवगेश्वरः,
कपोले कर्णमूले च पातु श्री राम किंकरः ।५ ।
नासाग्रमञ्जनीसूनु पातु वक्त्रं हरीश्वर,
वाचं रुद्रप्रिय पातु जिह्वा पिंगल लोचनः ।६ ।

सचिव सुग्रीव मेरे मस्तक की, वायुनन्दन भाल की, महावीर भौंहों के मध्य की, छायापहारी नेत्रों की, प्लवगेश्वर कपोलों की, रामकिंकर कर्णमूल की, अंजनीसुत नासाग्र की, हरीश्वर सुख की, रुद्रप्रिय वाणी की तथा पिंगल लोचन मेरी जीभ की सर्वदा रक्षा करें।

पातु दन्तान फाल्गुनेष्टाश्चिबुकं दैत्यापादहा,
पातु कण्ठं च दैत्यारीः स्कन्धौ पातु सुरार्चितः ।७ ।
भुजौ पातु महातेजाः करौ तो चरणायुधः,

नखान नखायुधः पातु कुक्षिं पातु कपीश्वरः । ८ ।
वक्षो मुद्रापहारी च पातु पार्श्वे भुजायुधः,
लंकाविभञ्जनः पातु पृष्ठदेशे निरन्तरम् । ९ ।

फाल्गुनेष्ट मेरे दाँतों की, दैत्यापादहा चिबुक की, दैत्यारी कंठ की, सुरार्चित मेरे कन्धों की, महातेजा भुजाओं की, चरणायुध हाथों की, नखायुध नखों की, कपीश्वर कोख की, मुद्रापहारी वक्ष की, भुजायुध अगल-बगल की, लंकाविभंजन मेरी पीठ की सदा रक्षा करें ।

वाभिं च रामदूतस्तु कटिं पात्वनिलात्मजः,
गुह्यं पातु महाप्राज्ञो लिंग पातु शिव प्रियः । १० ।
ऊरु च जानुनी पातु लंका प्रासाद भज्जनः,
जंघे पातु कपिश्रेष्ठो गुल्फौ पातु महाबल : । ११ ।
अचलोद्धारकः पातु पादौ भाष्कर सन्निभः,
अङ्गान्यमित सत्त्वाढयः पातु पादाँगुलीस्तथा । १२ ।

रामदूत नाभि की, नीलात्मज कमर की, महाप्राण गुदा की, शिवप्रिय लिंग की, लंका प्रासाद भंजन जानु एवं उरु की, कपिश्रेष्ठ जंघा की, महाबल गुल्फों की, अचलोद्धारक पैरों की, भाष्कर सन्निया अंगों की, अमित सत्ताढव पांव वाली अंगुलियों की सर्वदा रक्षा करें ।

सर्वाङ्गानि महाशूरः पातु रोमाणि चात्मवान्,
हनुमत्कवच यस्तु पठेद् विद्वान् विचक्षणः । १३ ।
स एव पुरुषश्रेष्ठो भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति,
त्रिकालमेककालं वा पठेन्मासत्रयम् सदा । १४ ।
सर्वानरिपुनक्षणाजित्वा स पुमान्श्रियमाप्नुयात्,

मध्यरात्रे जले स्थित्वा सप्तधारम् पठेद यदि ।१५ ।
क्षयाऽपस्मार कुष्ठादि ताप ज्वर निवारणम् ।

महाशूर सभी अंगों की, आत्मवान रोगों से सर्वदा रक्षा करें। जो विद्वान इस विचक्षण कवच का पाठ करता है वह भक्ति एवं मुक्ति को प्राप्त करता है। एक समय या तीनों समय प्रतिदिन जो साधक तीन मास तक इसका पाठ करता है वह क्षणमात्र में ही शत्रु वर्ग को जीत कर लक्ष्मी प्राप्त करता है। आधी रात के समय जल के मध्य स्थित होकर इसके सात पाठ करने से क्षय, अपस्मार, कुष्ठ तथा तिजारी का निवारण होता है।

अश्वत्थमूलेऽर्कवारे स्थित्वा पठति यः पुमान् ।१६ ।
अचलाँ श्रियमाप्नोति संग्रामे विजयं तथा,
लिखित्वा पूजयेद यस्तु सर्वत्र विजयी भवेत् ।१७ ।
यः करे धारयेन्नित्यं स पुमान् श्रियमाप्नुयात्,
विवादे द्यूतकाले च द्यूते राजकुले रणे।१८ ।
दशवारं पठेद् रात्रौ मिताहारो जितेन्द्रियः,
विजयं लभते लोके मानुषेषु नराधिपः ।१९।

रविवार के दिन अश्वत्थ वक्ष की जड़ के पास बैठकर इसका पाठ करने से संग्राम में विजय तथा अचल लक्ष्मी प्राप्त होती है। इसे लिखकर फिर इसकी पूजा करने पर सर्वत्र विजय मिलती है। इसे धारण करने से लक्ष्मी प्राप्त होती है। वाद-विवाद जुआ राज-घराने एवं युद्ध में इसके दश पाठ करने से विजय प्राप्त होती है।

भूत प्रेत महादुर्गे रणे सागर सम्प्लवे,
सिंह व्याघ्रभये चोग्रे शर शस्त्रास्त्र पातने ।२० ।

श्रृंखला बन्धने चैव काराग्रह नियन्त्रणे,
कायस्तोभे वह्नि चक्रे क्षेत्रे घोरे सुदारणे । २१ ।
शोके महारणे चैव बालग्रहविनाशनम्,
सर्वदा तु पठेन्नित्यं जयमाप्नुत्यसंशयम् । २२ ।

भूत, प्रेत, महादुख, रण, सागर, सिंह, व्याघ्र, शस्त्रास्त्र के मध्य फंस जाने पर, जंजीरों से बाँधे जाने पर, कारागार में जाने पर, आग में फँसने, शरीर में पीड़ा होने, शोकादि व ब्रह्म ग्रह के निवारण के लिए इसे प्रतिदिन पढ़ना चाहिए।

भूर्जे व वसने रक्ते क्षीमे व ताल पत्रके,
त्रिगन्धे नाथ मश्यैव विलिख्य धारयेन्नरः । २३ ।
पञ्च सप्त त्रिलोहैर्वा गोपित कवचं शुभम्,
गले कटयाँ बाहुमूले कण्ठे शिरसि धारितम् । २४ ।
सर्वान् कामान् वाप्नुयात् सत्यं श्रीराम भाषितं । २५ ।

भोजपत्र, लाल रेशमी वस्त्र, ताड़पत्र पर इस कवच को त्रिगन्ध की स्याही से लिखकर इसे धारण करना चाहिए। पाँच, सात तथा तीन लोहे के मध्य रखकर गले पर, कमर पर, भुजा पर या सिर पर धारण करने से धारक की समस्त अभिलाषाएँ पूर्ण होती हैं। यह श्री राम जी ने कहा है।

(इति आद्यानन्द यशपाल 'भारती' विरचिते हनुमद् पांचांगे ब्रह्माण्ड पुराणे श्री नारद एवं श्री अगस्त्य मुनि संवादे श्री राम प्रोक्तं एकमुखी हनुमत्कवचं आयभा टीकां सहिते सम्पूर्णम् ॥)

◆ द्वितीय पाठ ◆

पञ्चमुखी हनुमत्कवचम्

॥ विनियोग मन्त्रः ॥

दाहिने हाथ में जल, अक्षत, पुष्प सुगन्धि लेकर निम्नलिखित विनियोग मन्त्र का पाठ करके वसुंधरा पर डाल दें।

"ॐ अस्य श्री पञ्च मुख हनुमन्मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋर्षिः गायत्री छन्दः, श्री पञ्च मुख विराट हनुमान देवता, ह्रीं बीजम्, श्रीं शक्तिः क्रौं कीलकम्, क्रूं कवचम्, क्रैं अस्त्राय फट् मम सकल कार्यार्थ सिद्धयर्थे जपे। पाठे विनियोगः॥

॥ ईश्वर उवाचः ॥

ईश्वर ने कहा—

अथ ध्यानं प्रवक्ष्यामि श्रृणु सर्वाङ्गसुन्दरम्।
यत्कृतं देव देवेशि ध्यानं हनुमतः प्रियम ।१।

हे सर्वाङ्ग सुन्दरी! देवताओं के भी देवता श्री शिवजी ने अपने प्रिय हनुमान जी का जिस प्रकार ध्यान (साधन) किया था वह मैं तुम्हें बताता हूँ। जरा सावधानी से श्रवण करना।

पंचवक्त्रं महाभीमं त्रिपञ्च नयनैर्युतम्।
बाहुभिर्दशभिर्युक्तं सर्वकामार्थसिद्धिदम्।२।

पाँच मुख वाले महा भयंकर पन्द्रह नेत्र वाले दस भुजा युक्त श्री हनुमान जी भक्तों की समस्त कामनाएं पूर्ण करते हैं।

पूर्वं तु वानर वक्त्रं कोटि सूर्यसमप्रभम्।
दंष्ट्राकरालवदनं भृकुटी कुटिलेक्षणम्।३।

पूर्व दिशा वाला मुख करोड़ों भास्करों के समान उज्जवल कान्तिमयी है। इनके दाँत भयंकर हैं। क्रोध के कारण इनकी भृकुटि चढ़ी हुई है। इनका श्री मुख वानर स्वरूपा है।

अस्यैव दक्षिणं वक्त्रं नारसिंहं महाद्भुतम्।
अत्युग्रतेजोवपुष भीषणं भयनाशनम्।४।

इस श्री मुख के दक्षिण की तरफ वाला मुख श्री नरसिंह स्वरूपा है जो कि भीषण भयों का भी नाश कर देता है। यह अति उग्र, शीघ्र प्रभावी, महा भयंकर व महा अद्भुत स्वरूप है।

पश्चिमे गारुडं वक्त्रं वक्रतुंडंमहाबलम्।
सर्वनागप्रशमनं विषभूतादिकृन्तनम्।५।

इनके पश्चिम की तरफ वाला श्री मुख श्री गरुड़ स्वरूपा है जिनकी चौंच टेढ़ी है एवं यह महा बलशाली हैं। यह समस्त नागों का अन्त कर देते हैं। इनकी कृपा से विषों व भूतों का समापन होता है।

उत्तर सौकरं वक्त्रं कृष्णदीप्तनभोमपम्।
पाताले सिंहं बेतालं ज्वररोगादिकृन्तनम्।६।

इनसे उत्तर की तरफ वाला श्री मुख सौकर स्वरूपा है जो कि आकाश के समान देदीप्यमान है। यह नीले रंग वाले हैं जो कि पाताल, सिंह, बेताल, ज्वर व अन्य रोगों का विनाश करते हैं।

उर्ध्वं हयाननं घोरं दानवांतकरं परम्।
येन वक्त्रेण विप्रेन्द्र ताटकाख्यम् महासुरम।७।

ऊपर की तरफ वाले श्री मुख हयानन के समान है जो कि घोर दानवों का भी अन्त कर देते हैं। हे विप्र श्रेष्ठ ! इसी स्वरूप से महाबली तारकासुर का वध किया था।

दुर्गते शरणं तस्य सर्वशत्रुहरं परम् ।
ध्यात्वा पंचमुखं रुद्रं हनुमन्तं दयानिधिम् ।८ ।

जब अत्यधिक दुर्गति हो रही होती है तब इनकी शरण में आने से समस्त शत्रुओं का संहार होता है, दुर्गति का अन्त होता है । इनकी दया की निधि प्राप्त होती है यदि रुद्र स्वरूप पंच मुख वाले श्री हनुमान जी का ऐसा ध्यान किया जाये ।

खड्गं त्रिशुलं खट्वांगं पाशमंकुशपर्वतम् ।
मुष्टौ तु कोमोदकौ वृक्षं धारयन्तं कमंडलुम् ।९ ।

खड्ग, त्रिशुल, खटवांग, पाश, अंकुश, पर्वत, मुष्ठि, कौमोदकी, कमण्डल का धारण किया हुआ है ।

भिंदिपालं ज्ञानमुद्रां दसर्वि मुनि पुंगव ।
एतान्यायुधजालानि धारयन्तं भजाम्यहम ।१० ।
प्रेतासनोपविष्टं तं सर्वाभूषण भूषितम् ।
दिव्यमाल्याम्बरधरं दिव्यगंधानुलेपनम् ।११ ।

भिंदिपाल, ज्ञानमुद्राओं को प्रदर्शित करते हुए समस्त आभरणों से विभूषित श्री हनुमान जी जो कि श्वासन पर बैठे हुए हैं। इन्होंने माला एवं दिव्य गंधादि धारण कर रखी है । ऐसे स्वरूप का मैं ध्यान करता हूँ ।

सर्वैश्वर्यमयं देवं हनुमद विश्वतोमुखम् ।
पंचास्यमच्युतमनेकविचित्रवर्णं वक्त्रं संशखविभृतं कपिराजवीर्यम् । पीताम्बरादिमुकुटैरपि शोभितांगं पिंगाक्षमञ्जनिसुतं ह्यनिशं स्मरामि ।१२ ।

समस्त ऐश्वर्यों के साथ पीताम्बर एवं मुकुट से सुशोभित, कवि श्रेष्ठ,

जिनके माथे पर चन्द्र सोभायमान है। ऐसे पीले नेत्रों वाले श्री हनुमान जी का मैं स्मरण करता हूँ।

मर्कटस्य महोत्साहं सर्वशोक विनाशनम्।
शत्रु संहरमाम रक्ष श्रिय दापयम हरिम्।१३।

ऐसे हनुमान जी ! आप बहुत उत्साही हैं और आप समस्त शोकों का शमन करते हैं। आप मेरे शत्रुओं का संहार कीजिये व मेरी रक्षा कीजिये।

॥ अथ मूल मन्त्रः ॥

अब मूल मन्त्र कहते हैं—

ऊँ हरिमर्कटमर्कटाय स्वाहा ॥

ऊँ नमो भगवते पंचवदनाय पूर्वकपि मुखाय सकलशत्रु संहारणाय स्वाहा ॥

ऊँ नमो भगवते पंच वदनाय दक्षिण मुखाय कराल वदनाय नरसिंहाय सकल भूत प्रेत प्रमथनाय स्वाहा ॥

ऊँ नमो भगवते पंच वदनाय पश्चिम मुखायगरुडाय सकलविषहराय स्वाहा ॥

ऊँ नमो भगवते पंचवदनाय उत्तर मुखाय आदि वराहाय सकलसम्पत्काराय स्वाहा ॥

ऊँ नमो भगवते पंचवदनाय ऊर्ध्वमुखाय हयग्रीवाय सकल जनवशीकरणाय स्वाहा ॥

॥ अथ विनियोग मन्त्र ॥

अब विनियोग मन्त्र कहते हैं—

ऊँ अस्य श्री पञ्चमुखिहनुमत्कवच स्तोत्र मंत्रस्य

श्रीरामचन्द्र ऋषिरनुष्टुपछंदः श्री सीता रामचन्द्रो देवता ॥

हनुमानति बीजम् ॥

वायुदेवता इति शक्तिः ॥

श्रीरामचन्द्रावर प्रसादसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ॥

॥ अथ करन्यास : ॥

अब कर न्यास कहते हैं—

ॐ हं हनुमान अंगुष्ठाभ्यां नमः ॥

ॐ वं वायु देवता तर्जनीभ्यां नमः ॥

ॐ अं अंजनि सुताय मध्यमाभ्यां नमः ॥

ॐ रं रामदूताय अनामिकाभ्यां नमः ॥

ॐ हं हनुमते कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥

ॐ रुं रुद्र मूर्तये करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः ॥

॥ अथ हृदयादिन्यासः ॥

अब हृदयादि न्यास कहते हैं—

ॐ हं हृदयाय नमः ॥

ॐ वं शिर से स्वाहा ॥

ॐ अं शिखायै वषट् ॥

ॐ रं शिर से स्वाहा ॥

ॐ हं त्रिनेत्राथ वौषट् ॥

ॐ रुं अस्त्राय फट् ॥

॥ अथ ध्यानम् विनियोग सहितम् ॥

अब विनियोग सहित ध्यान वर्णित है ।

श्रीरामदूताय आंजनेयाय वायुपुत्राय महाबलाय सीताशोकनिवारणाय महाबलप्रचण्डाय लंकापुरीदहनाय फाल्गुनसखाय कोलाहलसकलब्रह्मांडविश्वरूपाय सप्त-समुद्रान्तराललंघिताय पिंगलनयनामितविक्रमाय सूर्य-बिम्बफलसेवाधिष्ठित पराक्रमाय संजीवन्या अंगद-लक्ष्मणमहाकपिसैन्य प्राणदात्रेदशग्रीवविध्वंसनायरामेष्टाय सीतासह रामचन्द्र वरप्रसादाय षट्प्रयोगागमपंचमुखि-हनुमन्मन्त्रजपे विनियोगः

॥ अथ कवच मन्त्रः ॥

अब कवच का मन्त्र कहते हैं—

(अब बीज शक्ति युक्त अत्यधिक प्रभावशाली मन्त्र कहे गये हैं । इन्हें सावधानी से पढ़ें ।)

ऊँ ह्रीं हरिमर्कटमर्कटाय स्वाहा ।

ऊँ ह्रीं हरिमर्कटमर्कटाय वं वं वं वं वं फट् स्वाहा ॥

ऊँ ह्रीं हरिमर्कटमर्कटाय फं फं फं फं फं स्वाहा ॥

ऊँ ह्रीं हरिमर्कटमर्कटाय खं खं खं खं खं मारणाय स्वाहा ॥

ऊँ ह्रीं हरिमर्कटमर्कटाय ठं ठं ठं ठं ठं स्तंभनाय स्वाहा ॥

ऊँ ह्रीं हरिमर्कटमर्कटाय डं डं डं डं डं आकर्षणाय

सकलसम्पत्काराय पंचमुखिवीरहनुमते परयन्त्र-तंत्रोच्चाटनाय स्वाहा ॥

।अथ दिग्बन्धनम् ।ऊँ कं, खं, गं, घं, ङं, चं, छं, जं, झं, ञं, टं, ठं, डं, णं, तं, थं, दं, धं, नं, पं, फं, बं भं, मं, यं, रं, लं, वं, शं, षं, सं, हं, क्षं स्वाहा । इतिदिग्बन्धः ।

ऊँ पूर्व कपिमुखाय पंचमुखिहनुमते ठं ठं ठं ठं ठं सकलशत्रुसंहारणाय स्वाहा ॥

ऊँ दक्षिणमुखे पंचमुखिहनुमते करालवदनाय नरसिंहाय ह्रां, ह्रां, ह्रां, ह्रां, ह्रां सकल भूत प्रेतदमनाय स्वाहा ॥

ऊँ पश्चिममुखे गरुडासनाय पंचमुखिवीरहनुमते मं, मं, मं, मं, मं सकलविषहराय स्वाहा ॥

ऊँ उत्तरमुखे आदि वराहाय लं, लं, लं, लं, लं नृसिंहायनीलकंठायपंचमुखिहनुमते स्वाहा ॥

ऊँ उर्ध्वमुखाय हयग्रीवाय, रुं रुं रुं रुं रुं रुद्रमूर्तयेपंचमुखिहनुमते सकलजनवश्यकराय स्वाहा ॥

ऊँ अन्जनीसुताय वायुपुत्रायमहाबलाय रामेष्ट-फाल्गुनसखाय सीताशोकनिवारणाय लक्ष्मणप्राणरक्षकाय कपिसैन्यप्रकाशायदशग्रीवाभिमानदहनाय श्रीरामचन्द्रवर-प्रसादकाय महावीर्याप्रथमब्रह्मांडनायकायपंचमुखिहनुमते भूत-प्रेत-पिशाच-ब्रह्मराक्षस-शाकिनी-डाकिनी-अन्तरिक्षग्र हपरयन्त्र-परमयन्त्र-परतन्त्रसर्वग्रहोच्चाट नाय सकलशत्रु

संहारणाय पंचमुखिहनुमद्वरप्रसादक सर्व रक्षकाय जं जं जं जं जं स्वाहा ॥

॥ अथ फल श्रुति: ॥

अब कवच के पाठ को करने से प्राप्त होने वाले लाभ व्यक्त करता हूँ।

इदं कवचंपठित्वा तु महाकवचं पठेन्नरः ।
एकवारं पठेन्नित्यं सर्वशत्रु निवारणम् । १४ ।

इस कवच को जो नर पढ़ता है। यह महा कवच है। इसे एक बार जपने से समस्त शत्रुओं का निवारण होता है।

द्विवारं तु पठेन्नित्यं पुत्रपौत्रप्रवर्धनम् ।
त्रिवारं पठेत् नित्यं सर्वसंपत्करं परम् । १५ ।

प्रतिदिवस दो बार इसका पाठ करने से परिवार में पुत्र पोत्रादि की वृद्धि होती है। प्रतिदिन तीन बार पाठ करने से समस्त समपत्तियाँ प्राप्त होती हैं।

चतुर्वारं पठेन्नित्यं सर्वलोकवशीकरम् ।
पंचवारं पठेन्नित्यं सर्वरोगनिवारणम् । १६ ।

चार बार प्रतिदिन पाठ करने से समस्त रोगों का निवारण होता है। पाँच बार नित्य पाठ करने से समस्त लोकों का वशीकरण होता है।

षड्वारं तु पठेन्नित्यं सर्वदेव वशीकरम् ।
सप्तवारं पठेन्नित्यं सर्वकामार्थसिद्धिदम् । १७ ।

प्रतिदिन छः बार पाठ करने से समस्त देवों का आकर्षण होता है। सात बार नित्य पढ़ने से समस्त सौभाग्यों का उदय होता है।

अष्टवारं पठेन्नित्यं सर्व सौभाग्यदायकम् ।
नववारं पठेन्नित्यं सर्वैश्वर्य प्रदायकम् । १८ ।

नित्य आठ बार पाठ करने से अभिलाषा पूर्ण होती है । नव बार नित्य पाठ करने से राज्य के सुखादि का उपभोग मिलता है ।

दशवारं च पठेन्नित्यं त्रैलोक्य ज्ञानदर्शनम् ।
एकादशं पठेन्नित्यं सर्वसिद्धि लभेन्नरः । १९ ।

प्रतिदिवस दस बार इसका पाठ करने से त्रैलोकय का ज्ञान प्राप्त होता है तथा प्रतिदिन ग्यारह बार पाठ करने से साधक के समस्त कार्य सिद्ध होते हैं (या सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ।)

(इति अद्यानन्द यशपाल 'भारती' विरचिते हनुमद् पंचांगे श्री सुदर्शन संहितायां श्री राम भगवती सीता प्रोक्तं पञ्चमुखी श्री हनुमत्कवचं आयभा टीका सहितम् सम्पूर्णम् ॥)

❑ ❑ ❑

◆ तृतीय पाठ ◆

सप्तमुखी हनुमद् कवचम्

अथ सप्तमुखी हनुमत्कवचम् ॥

अब सप्तमुखी श्री हनुमान जी का कवच कहता हूँ ।

उक्तं चाथर्वणरहस्ये ॥

यह पाठ अथर्वण रहस्य में कहा गया है ।

अथ विनियोग मन्त्रः ॥

अब विनियोग मन्त्र कहता हूँ ।

ॐ अस्य श्री सप्तमुखि वीर हनुमत्कवचस्तोत्र मन्त्रस्य नारद ऋषिः, अनुष्टुप छन्दः, श्री सप्तमुखी कपिः परमात्मा देवता, ह्रां बीजम, ह्रीं शक्तिः, ह्रूं कीलकम् मम सर्वाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥

अथ करन्यासः ॥

अब करन्यास कहता हूँ ।

ॐ ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः ॥
ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः ॥
ॐ ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः ॥
ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः ॥
ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥
ॐ ह्रः करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः ॥

अथ हृदयादि न्यासः ॥

अब हृदय न्यास कहता हूँ।

ॐ ह्रां हृदयाय नमः ॥

ॐ ह्रीं शिर से स्वाहा ॥

ॐ ह्रूँ शिखाये वषट् ॥

ॐ ह्रैं कवचाय हुम् ॥

ॐ ह्रौं नेत्र त्रयाय वौषट ॥

ॐ ह्रः अस्त्राय फट्

अथ सप्तमुखी हनुमत्धायनम् ॥

अब सात मुख वाले श्री हनुमान जी का ध्यान कहता हूँ।

वन्दे वानर सिंह सर्प रिपु वाराह अश्व गो मानुषैर्युक्तं सप्तमुखैः करैर्द्रुम गिरिम् चक्रम् गदाम खेटकम ॥ खट्वांगं हलमंकुशम् फणि सुधा कुम्भौ शराब्जा भयाञ्छूलम् सप्तशिखम् दधानममरैः सेव्य कपिं कामदम् ॥

अपने हस्तकमलों में वृक्ष, पहाड़, चक्र, गदा, खेटक, खटवांग, हल, अंकुश, सर्प अमृतकलश, बाण, कमल, अभय (मुद्रा) शूल तथा अग्नि को लिये हुए हैं। इनके श्री मुख वानर, सिंह, गरुड, वराह, अश्व, शत्रु तथा मनुष्य के समान हैं। मैं आपको नमस्कार करता हूँ।

ब्रह्मोवाच ॥

ब्रह्मा जी कहते हैं।

सप्त शीर्ष्ण प्रवक्ष्यामि कवचं सर्व सिद्धिदम् ।

जप्तवा हनुमतो नित्यं सर्व पापैः प्रमुच्यते ॥

सर्व सिद्धियों को देने वाले हनुमान जी जिनके सात मुख हैं उनका कवच श्रवण करो। प्रतिदिन हनुमान जी का जप करने से समस्त पापों का शमन होता है।

सप्त स्वर्ग पतिः पायाच्छिखां में मारुतात्मजः ।
सप्त मूर्धा शिरोऽव्यानमे सप्तार्चिमलि देशकम् ॥

सात स्वर्गों के स्वामी मारुति के पुत्र श्री हनुमान जी मेरी शिखा की रक्षा करें। सप्त शिरो वाले श्री हनुमान जी मेरे शिर की रक्षा करें। सप्तार्चि मेरे भाल की रक्षा करें।

त्रिः सप्तनेत्रो नेत्रेऽव्यात्सप्त स्वर गतिः श्रुती ॥
नासां सप्तपदार्थोंव्यान्मुखः सप्तमुखोऽवतु ॥

इक्कीस नेत्र वाले मेरे नेत्रों की, सप्त स्वर गति मेरे दोनों कानों की, सप्त पदार्थ मेरे नाक की व सात मुख वाले श्री हनुमान जी मेरी रक्षा करें।

सप्तजिह्वस्तु रसनांरदान्सप्त हयोऽवतु ।
सप्तच्छन्दो हरिः पातु कण्ठं बाहु गिरि स्थितः ॥

सात जीभों वाले मेरी जीभ की, सप्त हय मेरे दाँतों की, सप्त छन्द वाले हरि मेरे कण्ठ की व पर्वत पर स्थित श्री हनुमान जी मेरे बाहुओं की रक्षा करें।

करौ चतुर्दशकरो भूधरोऽव्यान्मभांगुलीः ।
सप्तर्षि ध्यातो हृदय मुदरं कुक्षि सागरः ॥

चौदह भुजा वाले मेरे हाथों की, भूधर मेरी अंगुलियों की, सप्त ऋषियों के ध्यान में रहने वाले मेरे हृदय की व कुक्षि सागर श्री हनुमान जी मेरे पेट की रक्षा करें।

सातद्वीप पतिश्चित्तं सप्त व्याहृति रूपवान् ।

कटिं मे सप्त संस्थार्थ दायकः सक्थिनी मम् ॥

सात द्वीपों के स्वामी मेरे चित्त की, सप्त व्याहृति मेरी कटि की, सप्त संस्थार्थदायक मेरी सक्थियों (शरीर के प्रमुख ग्यारह मर्म स्थानों) की रक्षा श्री हनुमान जी करें ।

सप्त ग्रह स्वरूपी मे जानुनी जंघ्ययोस्तथा ।
सप्त धान्य प्रियः पादौ सप्त पाताल धारकः ॥

सूर्य चन्द्रादि सप्त ग्रह स्वरूपी मेरे जानुओं की, सप्त धान्य प्रिय मेरी जंघाओं की, सप्त पाताल धारक मेरे पाँवों की रक्षा करें ।

पशुन्धनं च धान्यं च लक्ष्मीं लक्ष्मी प्रदोऽवतु ।
दारान् पुत्रांश्च कन्याश्च कुटुम्ब विश्व पालकः ॥

विश्व का पालन करने वाले मेरे पशु धन, अन्न की, धन की, लक्ष्मी की, पत्नी की, पुत्रों की, कन्या की तथा मेरे कुटुम्ब की रक्षा करें ।

अनुक्त स्थानमपि मे पायाद्वायु सुतः सदा ।
चौटेभ्यो ब्याल दंष्ट्रिभ्याः श्रृंगिभ्यो भूत राक्षसात् ॥

जो मेरे द्वारा नहीं कहे गये उन अंगों की वायु पुत्र रक्षा करें । इसी भाँति से चोर, भयानक दाँतों व सींगों वाले हिंसक पशुओं, भूत व राक्षसों से ।

दैत्यभ्योऽप्यथ यक्षेभ्यो ब्रह्म राक्षस जाद्भ्यात् ।
दंष्ट्रा कराल वदनो हनुमान्मां सदाऽवतु ॥

दैत्य, यक्ष, ब्रह्म राक्षसादि के प्रकोपों से श्री दंष्ट्रा कराल बदना हनुमान जी रक्षा करें ।

पर शस्त्र मन्त्र तन्त्र यन्त्राग्नि जलविद्युतछ ।

रुद्रांशः शत्रु संग्रामात्सर्वा वस्थासु सर्वभूत् ॥

दूसरों (विरोधियों) के द्वारा चलाये जा रहे शस्त्र, मन्त्र यन्त्र, तन्त्र, जल, विद्युत, रुद्राश एवं अन्य समस्त स्थितियों में सर्वमृत मेरी रक्षा करें ।

(आगे बीज शक्ति युक्त मन्त्रादि हैं । इन्हें सावधानी से पढ़ें ।)

ऊँ नमो भगवते सप्त वदनाये आद्य कपि मुखाय वीर हनुमते सर्व शत्रु संहारणाय ठं ठं ठं ठं ठं ठं ठं[१] ऊँ नमः स्वाहा । १ ।

ऊँ नमो भगवते सप्त वदनाय द्वितीय नार सिंहास्याय अत्युग्रते तेजोवयुषे भीषणाय भय नाशनाय हं हं हं हं हं हं हं[२] ऊँ नमः स्वाहा । २ ।

ऊँ नमो भगवते सप्तः वदनाय तृतीय गरूड़ वक्राय वज्र दंष्ट्राय महाबलाय सर्व रोग विनाशनाय मं मं मं मं मं मं मं[३] ऊँ नमः स्वाहा । ३ ।

ऊँ नमो भगवते सप्त वदनाय चतुर्थ क्रोड़ तुण्याय सौमित्रि रक्षकाय पुत्राद्यभिवृद्धि कराय लं लं लं लं लं लं लं[४] ऊँ नमा स्वाहा । ४ ।

ऊँ नमो भगवते सप्त वदनाय पंचमाश्रवदनाय रुद्र मूर्त्तये सर्व वशीकरणाय सर्व निगम स्वरूपाय रुं रुं रुं रुं रुं रुं रुं[५] ऊँ नमः स्वाहा । ५ ।

ऊँ नमो भगवते सप्त वदनाय षष्ठगो मुखाय सूर्य स्वरूपाय सर्व रोग हराय मुक्ति दात्रे ऊँ ऊँ ऊँ ऊँ ऊँ ऊँ ऊँ[६] ऊँ नमः स्वाहा । ६ ।

ऊँ नमो भगवते सप्त वदनाय सप्तम् मानुष मुखाय रुद्रावताराय अंजनी सुताय सकल दिग्यशो विस्तार कार्य वज्र देहाय सुग्रीव साह्य कराय उदधि लंघनाय सीता शुद्धि[७] कराय[८] लंका दहनाय अनेक[९] राक्षसांतकाय रामानंद[१०] दायकाय अनेक पर्वतोत्पाटकाय सेतु बंधकाय कपि सैन्य नायकाय रावणांतकाय ब्रह्मचर्याश्रभिणे कौपीन ब्रह्म सूत्र धारकाय राम हृदयाय सर्व दुष्ट ग्रह निवारणाय शाकिनी, डाकिनी, बेताल, ब्रह्म राक्षस, भैरव ग्रह, यक्ष ग्रह, पिशाच ग्रह, ब्रह्म ग्रह, क्षत्रिय ग्रह, वैश्य ग्रह, शूद्र ग्रहांत्यजग्रम्लेच्छ ग्रह, सर्प ग्रहोच्चाटकाय मम सर्व कार्य साधकाय सर्व शत्रु संहारकाय सिंह व्याघ्रादि दुष्ट सत्त्वाकर्षकायै काहिकादि विविध ज्वरच्छेदकाय पर यन्त्र मन्त्र तन्त्र नाशकाय सर्व व्याधि निकृंतकाय सर्पादि सर्व स्थावर जंगम विष स्तंभन कराय, सर्व राज भय, चौर भयाग्नि भय प्रशमनायाध्यात्मिकाधि दैविकाधि भौतिक ताप जय निवारणाय सर्व विद्या संपत्सर्व पुरुषार्थ दायकायासाध्य कार्य साधकाय सर्व वर प्रदाय सर्वाभीष्ट कराय ऊँ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः ऊँ नमः स्वाहा ।६।

---

१. सात बार 'ठं' बोला जायेगा। २. सात बार 'हं' जपा जायेगा। ३. सात बार 'मं' का जप होगा। ४. सात बार 'लं' का पाठ होगा। ५. सात बार 'रुं' का जाप होगा। ६. सात बार 'ऊँ' का पाठ होगा। ७. शुद्धि। ८. कराय। ९. अनेक। १०. रामऽऽनन्द (इतिशुद्धम्)

अथ फल श्रुति ॥

अब इस कवच के पाठ से प्राप्त होने वाले फल कहते हैं ।

य इदं कवचं नित्यं सप्तास्यस्य हनुमतः ।
त्रि संध्यं जपते नितयं सर्व शत्रु विनाशम् ॥

इस सप्त मुखी हनुमत कवच का प्रति दिन जो तीनों संध्याओं में पाठ करता है उसके समस्त शत्रुओं का विनाश होता है ।

पुत्र पौत्र प्रदं सर्वं संपद्राज्य प्रदं परम् ।
सर्व रोग हरं चायु कीर्तिदं पुण्यवर्द्धनम् ॥

उसके पुत्र पोत्रादि वंश बढ़ता है । उसको सम्पदा व राज्य के लाभ मिलते हैं । समस्त रोगों का हनन होता है । आयु व कीर्ति के साथ पुण्य भी बढ़ते हैं ।

राजानं स वंश नीत्वा त्रैलोक्य विजयी भवेत् ।
इदं हि परमं गोप्यं देयं भक्ति युताय च ॥

यह साधक राजाओं को वशीभूत करके त्रैलोक्य में विजयी होता है । यह अत्यन्त गुप्त पाठ है । केवल श्रद्धा भक्ति वाले को ही प्रदान करना चाहिये ।

न देयं भक्ति हीनाय दत्त्वा स निरयं व्रजेत् ॥

जो भक्ति हीन हो, श्रद्धा हीन हो, उसे यह पाठ कभी नहीं देना चाहिये ।

नामानि सर्वाव्यप वर्गा दानिरूपाणिविश्वानि च यस्य सन्ति ।
कर्माणि देवैरपि दुर्घटानि त मारुतिं सप्तमुखं प्रपद्ये ॥

मैं ऐसे श्री हनुमान जी की चरण शरण में हूँ जिनके कार्य अत्यन्त

भयानक हैं और जिन कार्यों को कोई भी कर पाने में असमर्थ है । इनके नाम व स्वरूप भोग मोक्षादि के दाता हैं ।

(इति आद्यानन्द यशपाल 'भारती' विरचते हनुमत्पांचागे अथवर्ण रहस्ये ब्रह्मोवाच सप्त मुखी हनुमत्कवचम् आयभा टीकां सहिते सम्पूर्णम् ॥)

❑❑❑

एकादश मुखी हनुमत्कवचम्

अथ श्री एकदाश मुख हनुमत्कवचम् ॥

अब ग्यारह मुख वाले हनुमान जी का कवच कहता हूँ ।

उक्तं चागास्ति संहितायाम् ॥

यह कवच अगस्त संहिता में कहा गया है ।

लोपामुद्रोवाच ॥

लोपा मुद्रा[१] ने कहा ।

कुम्भोद्धव दयासिन्धो कृतं हनुमतः प्रभोः ।
यन्त्र मन्त्रादिकं सर्वं त्वन्मुखोदीरितं मया ॥

हे दया के सिन्धु (सागर), हे कुम्भ से उत्पन्न होने वाले प्रभु ! आपने अपने श्री मुख से हनुमान जी के यन्त्र मन्त्रादिक मुझको बताये हैं ।

दया कुरुमपि प्राणनाथ वेदितुमुत्सहे ।
कवचं वायु पुत्रस्य एकादश मुखात्मनः ॥

अब कृपा करके हे प्राण नाथ मुझे ग्यारहा मुख वाले श्री हनुमान जी का कवच बतायें ।

इत्येवं वचनं श्रुत्वा प्रियायाः प्रश्रयान्वितम् ।

१—अगस्त ऋषि की स्त्री जो उन्होंने समस्त प्राणियों के उत्तम उत्तम अंगों को लेकर बनाई थी । निर्माण के पश्चात् यह स्त्री उन्होंने विदर्भ राज को सौप दी थी । जब यह स्त्री युवा हुई थी तब इसका विवाह अगस्त ऋषि के साथ कर दिया गया था। आकाश लोक में दक्षिण दिशा की तरफ अगस्त मंडल सितारा समूह के पास एक तारे का उदय होता है उसे भी लोपामुद्रा कहते हैं ।

वक्तुं प्रचक्रमे तत्र लोपा मुद्रां प्रति प्रभुः ॥

अपनी प्रिय पत्नी के इस प्रकार के शब्द श्रवण करके उन्होंने लोपामुद्रा से इस भाँति से कहा।

अगस्त्य उवाचः ॥

अगस्त जी ने कहा।

नमस्कृत्वा रामदूतं हनुमन्तं महामतिम्।
ब्रह्म प्रोक्तं तु कवचं श्रृणु सुन्दरि सादरात् ॥

हे सुन्दरी ! ब्रह्मा जी के द्वारा कहा गया राम दूत श्री हनुमान जी का एकादश मुख वाला कवच उन्हें नमस्कार करके तुम्हें सुनाता हूँ।

सनन्दनाय च महच्चतुरानन भाषितम्।
कवचं कामदं दिव्यं रक्षः कुल निबर्हणम् ॥

यह कवच चार मुख वाले श्री ब्रह्मा जी ने श्री सनन्दनादि से कहा था। यह अभीष्ट प्रदाता है, दिव्य है व इससे रक्षा होती है।

सर्व सम्पत्तप्रदं पुण्यं मत्यनां मधुर स्वरे ॥

समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ प्रदान करता है। यह पुण्यकारी कवच है जो कि मधुर स्वर से कहा गया था।

अथ विनियोग मन्त्रः ॥

अब विनियोग मन्त्र कहता हूँ।

ॐ अस्य श्री ऐकादश मुखि हनुमत्कवच मन्त्रस्य सनन्दन ऋषिः, प्रसन्नात्मा एकादशमुखि श्री हनुमान देवता, अनुष्टुप छन्दः, वायु सुत बीजम् मम सकल कार्यार्थे प्रमुखतः मम प्राण शक्ति वर्द्धनार्थे जपे। पाठे विनियोगः ॥

अथ हृदयादि न्यासः ॥

अब हृदय न्यास कहता हूँ।

ऊँ स्फ्रें हृदयाय नमः ॥

ऊँ स्फ्रें शिर से स्वाहा ॥

ऊँ स्फें शिखायै वषट् ॥

ऊँ स्फें कवचाय हुम ॥

ऊँ स्फें नेत्र त्रयाय वोषट् ॥

ऊँ स्फें कवचाय हुम् ॥

अथ करन्यासः ॥

अब कर न्यास कहता हूँ।

ऊँ स्फें बीज शक्तिधृक् पातु शिरो में पवनात्मजा अंगुष्ठाभ्यां नमः ॥ १ ॥

ऊँ क्रौं बीजात्मानथनयोः पातु मां वानरेश्वरः तर्जनीभ्यां नमः ॥ २ ॥

ऊँ क्षं बीज रूप कर्णो मे सीता शोक विनाशनः मध्यमाभ्यां नमः ॥ ३ ॥

ऊँ ग्लौं बीज वाच्यो नासां में लक्ष्मण प्राण प्रदायकः अनामिकाभ्यां नमः ॥ ४ ॥

ऊँ व बीजार्थश्च कण्ठं मे अक्षय क्षय कारकः कनिष्ठिकाभ्यां नमः ॥ ५ ॥

ऊँ रां बीज वाच्यो हृदयं पातु में कपि नायकः करतल

कर पृष्ठाभ्यां नमः ॥ ६ ॥

अथ कवचम् ॥

अब कवच कहता हूँ।

ॐ व बीजं कीर्तितः पातु बाहु में चाञ्जनी सुतः ।
ॐ ह्रां बीजं राक्षसेन्द्रस्य दर्पहा पातु चोर दम् ॥

ॐ 'वं' बीज की कीर्तिमयी अंजनी के पुत्र मेरी दोनों बाहों की रक्षा करें। ॐ 'ह्राँ' बीजमयी राक्षसों का अहंकार नष्ट करने वाले मेरे उदर की रक्षा करें।

सौमं बीज मयी मध्यं में पातु लंका विदाहकः ।
ह्रीं बीज धरो गुह्यं मे पातु देवेन्द्र वन्दितः ॥

'सौं' बीज मयी लंका को अग्नि से जलाने वाले मेरी नाभि की रक्षा करें। 'ह्रीं' बीज धारी देवताओं के राजा द्वारा वन्दित मेरे गुप्तांग की रक्षा करें।

रं बीजात्मा सदा पातु चोरु में वार्धिलंघनः ।
सुग्रीव सचिवः पातु जानुनी मे मनोजवः ॥

'रं' बीज की आत्मा वाले वाधि लंघन मेरे घुटनों की रक्षा करें। सुग्रीव के सचिव मनोजव मेरे जानुओं की रक्षा करें।

आपाद् मस्तकं पातु रामदूतो महाबलः ।
पूर्वे वानर वक्त्रोमां चाग्नेय्यां क्षत्रियान्त कृत् ॥

महाबलशाली श्री राम जी के दूत मेरे पूरे शरीर की रक्षा करें। पूर्व दिशा में वानर के श्री मुख वाले, अग्नि दिशा में क्षत्रिय के श्री मुख वाले।

दक्षिणे नारसिंहस्तु नेऋृत्यां गण नायकः ।

वारुण्यां दिशि मामव्यात्खग वक्त्रो हरीश्वरः ॥

दक्षिण दिशा में नरसिंह के श्री मुख वाले, नेऋत्य कोण वाली दिशा में गणेश के श्री मुख वाले, पश्चिम दिशा में हरीश्वर के से श्री मुख वाले ।

वायव्यां भैरव मुखः कौवेर्यां पातु में सदा ।
क्रोड़ास्यः पातु मां नित्य मीसान्यां रुद्र रूप धृक् ॥

वायव्य कोण की दिशा में भैरव से श्री मुख वाले, उत्तर दिशा में वाराह के से श्री मुख वाले ईशान दिशा में रुद्र के से श्री मुख वाले सर्वदा मेरी रक्षा करें ।

रामस्तु पातु मां नित्यं सौम्य रूपी महाभुजः ।
एकादश मुखस्यैतद् दिव्यं वै कीर्तितं मया ॥

विशाल भुजाओं वाले सौम्य श्री स्वरूपा भगवान राम प्रतिदिन मेरी रक्षा करें । इस प्रकार से दिव्य एकादश मुखी कवच कहा है जो कि दिव्य है।

रक्षोध्नं कामदं सौम्यं सर्व सम्पद् विधायकम् ।
पुत्रदं धनदं चौग्रं शत्रु सम्पतिमर्द्दनम् ॥

जो कि रक्षा करता है, कामना पूर्ण करता है, समस्त सम्पदाओं का दाता है, पुत्र देता है, धन देता है । शत्रुओं को व उनकी सम्पत्ति को नष्ट करता है ।

स्वर्गाऽपवर्गदं दिव्यं चिन्तितार्थप्रदं शुभम् ।
एतत् कवचम ज्ञात्वा मन्त्र सिद्धिर्न जायते ॥

यह दिव्य कवच स्वर्गादि मोक्ष दायक है । सोची जाने वाली बातें पूर्ण करता है । इस कवच के बिना कभी भी मन्त्र सिद्ध नहीं होता है ।

अथ फलश्रुतिः ॥

अब कवच के पाठ से प्राप्त होने वाले लाभ कहता हूँ।

चत्वारिंश सहस्त्राणि पठेच्छुद्धात्मना नरः ।
एक वारं पठेन्नित्यं कवच सिद्धिदं महत् ॥

साधक शुद्धात्मा होकर इसके चालीस हजार पाठ करे एवं एक बार नित्य पढ़ते रहने से यह कवच महत्वपूर्ण सिद्ध हो जाता है।

द्वि वारं वा त्रि वारं वा पठेदायुष्माप्नुयात् ।
क्रमादेकादशादेवमावर्तन कृतात् सुधीः ॥

इसी प्रकार से दो बार, तीन बार या पढ़ते रहने से आयु बढ़ती है। इसके प्रतिदिन ११ या १२ पाठ करते रहने से।

वर्षान्ते दर्शनं साक्षाल्लभते नाऽत्र संशयः ।
यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नेति पुरुषः ॥
ब्रह्मोदीप्तिमेताद्धि तवाऽग्रे कथितं महत् ॥

वर्ष की समाप्ति पर स्वयं हनुमान दर्शन देकर साक्षात होते हैं। इसमें सन्देह नहीं करना चाहिये। जो जो कार्य की चिन्ता होती है वही वही काम पूर्ण हो जाते हैं। मैने ब्रह्मा जी के द्वारा कहा गया कवच तुम्हारे समक्ष प्रस्तुत किया है।

इत्येव मुक्तत्वा कवचं महर्षिस्तूष्णी वभूवेन्दुमुखी निरिक्ष्य।
संहष्ट चिताऽपि तदा तदीय पादौ ननामाऽति मुदास्व भर्तुः॥

